**Seventeenth Loksabha**

pan>

Title: Demand to open ESI hospital in Murshidabad in West Bengal.

**श्री खलीलुर रहमान (जंगीपुर):** माननीय अध्यक्ष जी, मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल में है। मुर्शिदाबाद जिले में कोई ईएसआई अस्पताल नहीं है। हम आपके माध्यम से श्रम मंत्रालय को ईएसआई अस्पताल के लिए निवेदन करना चाहते हैं।

हमारे जिले में 32000 से भी ज्यादा मैम्बर हो चुके हैं। ट्रीटमेंट के लिए मजदूर कर्मचारी को दूसरे जिले में जाना पड़ता है। यह बहुत दु:ख की बात है। केंद्रीय सरकार ने सपना दिखाया था – सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास। मैं बहुत दु:ख के साथ कह रहा हूं कि इतने मैम्बर होने के बावजूद भी उन्हें पूरा ट्रीटमेंट नहीं मिल रहा है, जबकि गवर्नमेंट को रेवेन्यू मिल रहा है। यहां श्रमिक कर्मचारियों की संख्या देखते हुए जल्द से जल्द अस्पताल बनना चाहिए। यही मेरा आग्रह है, यही मेरी गुजारिश है। धन्यवाद।